आईटीआई लिमिटेड की ईएमसी लैब को एनएबीएल से आधिकारिक मान्यता प्राप्त

बेंगलूरू: आईटीआई लिमिटेड की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी प्रयोगशाला (ईएमसी लैब) को राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यापन बोर्ड (**एनएबीएल)** द्वारा इलेक्ट्रिक्ल परीक्षण के क्षेत्र में मानक **आईएसओ / आईईसी 17025: 2017 - परीक्षण एवं अशंशोधन की क्षमता के लिए सामान्य अपेक्षाएं** के अंतर्गत हाल ही में आधिकारिक मान्यता प्रदान की गई है। आईटीआई लिमिटेड ने अपने बेंगलूरू संयंत्र में अत्याधुनिक इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी (ईएमसी) और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंटरफेस (ईएमआई) परीक्षण सुविधाएं स्थापित की है ।

इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कम्पैटिबिलिटी (ईएमसी) परीक्षण उपकरण अथवा प्रणाली की संतोषजनक कार्य क्षमता का मापन पर्यावरण के प्रति किसी भी प्रकार के अप्रिय व्यवधान के बिना उनके इलेक्ट्रोमैग्नेटिक परिवेश में करता है। इस आधिकारिक मान्यता के साथ, आईटीआई लिमिटेड औद्योगिक, वाणिज्यिक, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और चिकित्सा क्षेत्रों में निर्माताओं और उत्पाद डिजाइनरों को उत्पादों के इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और इलेक्ट्रिक्ल परिचालनों में व्याप्त साधारण विसंगतियों का पता लगाने और अनुपालन और बाजार पहुंच चुनौतियों का समाधान करने में सहायता कर सकता है ।

इस अवसर पर आईटीआई लिमिटेड के **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री राकेश मोहन अग्रवाल** ने यह कहा, “हमारी ईएमसी लैब की आधिकारिक मान्यता से ग्राहकों का विश्वास और उनकी संतुष्टि सुदृढ़ हो सकेगी, और इससे उनके भरोसे को बनाए रखने की शक्ति भी आईटीआई लिमिटेड को प्राप्त होगी । इस आधिकारिक मान्यता से विश्वसनीय परीक्षण और सटीक अंशांकन के संबंध में हमारे ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा।" **श्री अग्रवाल ने आगे यह कहा कि**, "एनएबीएल की आधिकारिक मान्यता आईटीआई लिमिटेड की विश्वसनीयता उच्चतर हुई है क्योंकि हमारी प्रयोगशाला अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मानकों को पूरा करती है"।

एनएबीएल से आधिकारिक मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं तकनीकी क्षमता निर्धारित करने के लिए विशेष रूप से विकसित प्रक्रियाओं का उपयोग करती हैं, जिससे इसके स्टेकधारक अपनी संबंधित प्रयोगशाला में किए गए परीक्षण के परिणामों की सटीकता और विश्वसनीयता के प्रति आश्वस्त हो पाते हैं ।